Pn.: 05862-241125
05862-245289

# हिन्दू कन्या महाविद्यालय, सीतापुर

(महिला टीचर्स ट्रेनिंग तथा पोस्ट ग्रेजुएट कालेज)

सीतापुर (उ.प्र.) 261001

सन्दर्भ संख्या-डी. 1/Memo/2026-27

दिनांक 19/08/2026

## एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम

**दिनांक: 19/08/2026**

## कार्यक्रम की आख्या

दिनांक 19/08/2026 को महाविद्यालय में **MSME–विकास कार्यालय, कानपुर के सहयोग से एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम** का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केंद्र, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड/आयोग तथा बैंक के अधिकारियों द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं व्यवसायिक अवसरों की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम का संयोजन शिक्षाशास्त्र विभाग की शिक्षिका डॉ. वंदना सिंह एवं हिंदी विभाग की शिक्षिका डॉ. खुशबू सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सोनिका रस्तोगी, SSO, MSME-DFO, कानपुर द्वारा उनके विभाग की सुश्री अंकिता पांडे एवं श्री अनिल शर्मा के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में श्री मनोज कुमार, LDM, इंडियन बैंक, सीतापुर ने **MSME की विभिन्न योजनाओं, जैसे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, MYSY, ODOP** आदि के अंतर्गत बैंक की वित्तीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात श्री संजीव कुमार सिंह, ACI, DPI & EDC, सीतापुर ने राज्य सरकार की विभिन्न उद्यमिता योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सीतापुर के ODOP उत्पाद, विशेषकर दरी उद्योग, के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में श्री विवेक कुमार, असिस्टेंट ट्रेनर, KVIB ने खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की योजनाओं, जैसे PMEGP, के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही, उन्होंने छात्राओं को उद्यमिता की अवधारणा एवं संभावनाओं के बारे में सरल भाषा में समझाया और उन्हें स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए प्रेरित किया।

Scanned with OKEN Scanner

अंत में श्रीमती सोनिका रस्तोगी द्वारा MSME की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने महिला उद्यमियों के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं, पहलों एवं सहायता के बारे में छात्राओं को अवगत कराते हुए महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित किया।

**कार्यक्रम का उद्देश्य**

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आत्मनिर्भर बनने के इच्छुक नवयुवकों/नवयुवतियों एवं भावी उद्यमियों को विभिन्न संभावित उद्योगों एवं व्यवसायों के संबंध में तकनीकी एवं गैर-तकनीकी जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें अपना उद्योग/व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रेरित करना था।

**कार्यक्रम का परिणाम (Outcome)**


कार्यक्रम में महाविद्यालय की लगभग **225 छात्राओं** एवं समस्त शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। छात्राओं ने विभिन्न केंद्र सरकार की योजनाओं, **जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम** (PMEGP), **सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी निधि ट्रस्ट योजना** (CGTMSE), **सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के पंजीकरण हेतु उद्यम पंजीकरण योजना, ग्रामोद्योग विकास योजना, राष्ट्रीय अनुसूचित** जाति **एवं जनजाति हब योजना, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग योजना, कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम** तथा पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।


इसके अतिरिक्त, छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार से संबंधित विभिन्न योजनाओं, जैसे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, एक जनपद एक उत्पाद (ODOP) योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, तकनीकी उन्नयन योजना तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्यातकों के लिए विपणन प्रोत्साहन योजना के बारे में भी जानकारी प्राप्त हुई।

कुछ छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए अपनी जिज्ञासाओं एवं समस्याओं के समाधान भी प्राप्त किए। छात्राओं के साथ संपूर्ण टीम का सत्र अत्यंत संवादात्मक एवं ज्ञानवर्धक रहा। छात्राएँ विभिन्न उद्यमिता योजनाओं एवं उपलब्ध अवसरों की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हुईं तथा स्वरोजगार एवं उद्यमिता के प्रति उनमें जागरूकता एवं रुचि का विकास हुआ।

Scanned with OKEN Scanner






Scanned with OKEN Scanner

# FEEDBACK REPORT on MSME Awareness and Skill Development Programme held on 19 Aug 2026

Were the sessions engaging and easy to understand?
52 responses





Did the program effectively explain government MSME schemes and support for start-up's?
52 responses




Has this program inspired you to consider starting your own business or exploring entrepreneurship?
52 responses





How would you rate your overall experience with the MSME program?
52 responses




Scanned with OKEN Scanner


How relevant was the content to your career goals and understanding of entrepreneurship?

52 responses




How would you rate the expertise and delivery of the speakers/trainers?

52 responses




प्राचार्य

Scanned with OKEN Scanner